# दीक्षांत समारोह में 713 छात्रों को प्रदान की उपाधि

ग्रेटर नोएडा। बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड में आयोजित अपने 37वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में 713 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वर्चुअल माध्यम से दीक्षांत समारोह में शिरकत की। बिमटेक की डायरेक्टर डॉ. प्रवीणा राजीव और गवर्निंग बोर्ड की अध्यक्षा जयश्री मोहता, खेतान एंड कंपनी के सीनियर पार्टनर (विवाद निवारण, रियल एस्टेट) नंद गोपाल खेतान तथा बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य विकास कंदोई भी उपस्थित थे।